भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

01.04.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 6101 का उत्तर

आवास विकास रेल समपार

6101. श्री देवेश शाक्य:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि उत्तर प्रदेश के गंजडुंडवारा, सहवा और सोरों कस्बों के क्षेत्रों में कासगंज-अमनपुर मार्ग पर स्थित आवास विकास रेल समपार पर भारी यातायात के कारण भीषण जाम लगता है, जिससे स्थानीय नागरिकों, छात्रों, व्यापारियों और आपातकालीन सेवाओं को भारी कठिनाई होती है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इन रेल समपारों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही के कारण यातायात जाम की समस्या तब और भी गंभीर हो जाती है जब समपार लंबे समय तक बंद रहती है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या यातायात/जनता की सुविधा हेतु इन स्थानों पर ऊपरी पुलों (ओवरब्रिज) के निर्माण का कोई प्रस्ताव है और निर्माण शुरू होने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): भारतीय रेल पर समपारों के स्थान पर ऊपरी/निचले सड़क पुलों के कार्यों की स्वीकृति एक सतत् और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। ऐसे कार्यों की प्राथमिकता का निर्धारण और इन्हें शुरू करने का कार्य रेल परिचालन में संरक्षा, रेलगाड़ियों की गतिशीलता तथा सड़क उपयोगकर्ताओं पर इसके प्रभाव और व्यवहार्यता के आधार पर किया जाता है।

2004-14 की तुलना में 2014-26 (जनवरी 2026 तक) की अवधि के दौरान भारतीय रेल में निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुलों की संख्या निम्नानुसार है:-

अवधि	निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुल
2004-14	4,148 अदद
2014-26 (जनवरी, 2026 तक)	14,024 अदद (उत्तर प्रदेश में 1702 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों सहित)

01.02.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल में उत्तर प्रदेश राज्य में 15,170 करोड़ रुपए की लागत पर 778 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों सहित 1,14,196 करोड़ रु. की लागत से 4,802 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुल स्वीकृत किए गए हैं जो योजना और निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

उल्लिखित स्टेशनों का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	स्थान	समपार विवरण	टिप्पणियां
1	अम्मापुर	कासगंज सिटी-कासगंज रेलखंड के बीच किलोमीटर 420/16-17 पर समपार सं. 309/ए	इस स्थान पर ऊपरी/निचले सड़क पुल के निर्माण के लिए तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का कार्य शुरू किया गया है।
2	गुंजूद्वारा	फर्रूखाबाद-कासगंज रेलखंड पर किलोमीटर 213/23-24 पर समपार सं. 221/बी	इस स्थान पर ऊपरी सड़क पुल के निर्माण के लिए तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का कार्य शुरू किया गया है।
3	साहवा	बधारी कलां-कासगंज के बीच किलोमीटर 244/3-4 पर समपार सं. 248	इस स्थान पर ऊपरी सड़क पुल के निर्माण के लिए तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का कार्य शुरू किया गया है।
4	सोरों टाउन	फर्रूखाबाद-कासगंज रेलखंड पर किलोमीटर 226/21-22 पर समपार सं. 232/सी	

किसी ऊपरी/निचले सड़क पुल के कार्य को पूरा करना, पहुंच मार्ग का संरेखण निर्धारित करने, सामान्य आरेखण व्यवस्था के अनुमोदन, भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण हटाने, अतिलंघनकारी जनोपयोगी सेवाओं के स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, परियोजना/कार्य स्थलों के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति, जलवायु संबंधी परिस्थितियों आदि के कारण परियोजना विशिष्ट/कार्य स्थल के लिए वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजनाओं/निर्माण कार्यों के समापन समय को प्रभावित करते हैं।

इसके अलावा, रेलवे ने ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण-कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के लिए निम्नलिखित उपाय किए हैं:

i. **सुचारू निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए सामान्य व्यवस्था आरेख को अंतिम रूप देने से पहले संबंधित राज्य सरकार सड़क स्वामित्व प्राधिकरण के साथ संयुक्त सर्वेक्षण किया जाता है।**

ii. **ऊपरी सड़क पुल/निचले सड़क पुल कार्यों से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए रेलवे और राज्य सरकार के अधिकारियों की आवधिक बैठकें आयोजित की जाती हैं।**

iii. **डिजाइन अनुमोदन के दौरान देरी से बचने के लिए रेलवे के हिस्से पर सड़क के स्पैन, तिरछापन और चौड़ाई के विभिन्न संयोजनों के लिए अधिरचना रेखाचित्रों का मानकीकरण किया गया है। इसे एक सार-संग्रह के रूप में जारी किया गया है, जिसे शीघ्र नियोजन के लिए रेल लाइनों पर ऊपरी सड़क पुल के लिए सीधे अपनाया जा सकता है।**

******